**भारत सरकार**
**आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय**
**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न सं. 1657**
**01 अगस्त, 2024 को उत्तर दिए जाने के लिए**

**पीएमएवाई-यू के अंतर्गत इन-सीटू स्लम पुनर्वास (आईएसएसआर)**

**1657. श्री ईश्वरस्वामी के.:**

क्या ***आवासन और शहरी कार्य*** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) पीएमएवाई-यू के अंतर्गत इन-सीटू स्लम पुनर्वास (आईएसएसआर) की शुरुआत से लेकर अब तक की वास्तविक प्रगति का तमिलनाडु सहित राज्य-वार ब्यौरा क्या है;

(ख) पीएमएवाई-यू के अंतर्गत आईएसएस-वार के लिए इसकी शुरुआत से अब तक आवंटित और जारी की गई धनराशि का राज्य-वार ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार को आईएसएस-वार योजना के अंतर्गत खाली पड़े आवासों की जानकारी है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(घ) उपर्युक्त समस्या से निपटने के लिए सरकार द्वारा क्या कदम उठाए गए हैं/उठाए जा रहे हैं?

**उत्तर**
**आवासन और शहरी कार्य राज्य मंत्री**
**(श्री तोखन साहू)**

(क) से (घ): 'भूमि' और 'कॉलोनीकरण' राज्य के विषय हैं। अतः, अपने नागरिकों के लिए आवास से संबंधित योजनाओं का कार्यान्वयन राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों (यूटी) द्वारा किया जाता है। तथापि, आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय (एमओएचयूए) देश भर के शहरी क्षेत्रों में पक्के आवास उपलब्ध कराने के लिए 25 जून, 2015 से प्रधान मंत्री आवास योजना-शहरी (पीएमएवाई-यू) के तहत केंद्रीय सहायता प्रदान करके राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों के प्रयासों में सहायता करता है। यह योजना चार घटकों अर्थात लाभार्थी आधारित निर्माण (बीएलसी), साझेदारी में किफायती आवास (एएचपी), स्व-स्थाने स्लम पुनर्विकास (आईएसएसआर) और ऋण संबद्ध सब्सिडी योजना (सीएलएसएस) के माध्यम से

क्रियान्वित की जाती है। पीएमएवाई-यू के अंतर्गत राज्य/संघ राज्य क्षेत्र सरकारों द्वारा प्रस्तुत परियोजना प्रस्तावों के आधार पर, 22.07.2024 की स्थिति के अनुसार मंत्रालय द्वारा कुल 118.64 लाख आवास स्वीकृत किए गए हैं, जिनमें से 114.33 लाख आवास निर्माणाधीन हैं, निर्माणाधीन आवासों में से 85.04 लाख आवासों का निर्माण कार्य पूरा हो चुका है और 81.67 लाख आवासों में लाभार्थी रह रहे हैं। शेष आवास निर्माण के विभिन्न चरणों में हैं। राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों को नागरिक बुनियादी ढांचा उपलब्ध कराकर और प्राथमिकता के आधार पर लाभार्थियों को आबंटन करके यह सुनिश्चित करने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है कि पीएमएवाई-यू के एएचपी/आईएसएसआर घटकों के तहत उन आवासों की संख्या बढ़ायी जाए, जिनमें लाभार्थी रहें। एएचपी/आईएसएसआर घटकों के तहत परियोजनाओं की निर्माण अवधि अनुमोदन की तारीख से 12-36 महीने के बीच है। मंत्रालय निर्धारित समय सीमा के भीतर शेष आवासों को पूरा करने के लिए राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों के साथ मासिक आधार पर गहन समीक्षा करता है। तथापि फंडिंग पैटर्न और कार्यान्वयन पद्धति को बदले बिना, सभी स्वीकृत आवासों को पूरा करने के लिए, योजना के सीएलएसएस घटक को छोड़कर, इसे 31.12.2024 तक बढ़ा दिया गया है।

प्रारंभ से लेकर अब तक तमिलनाडु राज्य में आईएसएसआर सहित पीएमएवाई-यू के सभी घटकों के अंतर्गत स्वीकृत, निर्माणाधीन, पूर्ण और लाभार्थियों को सौंपे गए आवासों तथा स्वीकृत एवं जारी केंद्रीय सहायता का राज्य-वार ब्यौरा अनुलग्नक-I में दिया गया है।

इसके अलावा, शुरुआत से लेकर अब तक तमिलनाडु सहित पीएमएवाई-यू के आईएसएसआर घटक के अंतर्गत स्वीकृत, निर्माणाधीन, पूरे किए गए और लाभार्थियों को सौंपे जा चुके आवासों का राज्यवार ब्यौरा तथा स्वीकृत और जारी केंद्रीय सहायता का ब्यौरा अनुलग्नक II में दिया गया है।

*****

**दिनांक 01.08.2024 के लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 1657 के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक ।**

**प्रारंभ से लेकर अब तक तमिलनाडु राज्य में आईएसएसआर सहित पीएमएवाई-यू के सभी घटकों के अंतर्गत स्वीकृत, निर्माणाधीन, पूर्ण और लाभार्थियों को सौंपे गए आवासों तथा स्वीकृत एवं जारी केंद्रीय सहायता का राज्य-वार ब्यौरा।**

| क्र. सं. | | राज्य/संघ राज्य क्षेत्र का नाम | आवासों की वास्तविक प्रगति (संख्या) | | | | केंद्रीय सहायता के संबंध में वित्तीय प्रगति (करोड़ रुपए में) | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | स्वीकृत | निर्माणाधीन | पूर्ण | लाभार्थियों को सौंपे जा चुके | अनुमोदित | जारी |
| 1 | राज्य | आंध्र प्रदेश | 21,37,028 | 19,90,937 | 9,73,837 | 8,75,913 | 32,568.27 | 23,800.26 |
| 2 | | बिहार | 3,14,477 | 3,05,811 | 1,47,979 | 1,47,979 | 4,950.45 | 3,368.00 |
| 3 | | छत्तीसगढ़ | 3,02,663 | 2,89,128 | 2,38,894 | 2,16,655 | 4,810.98 | 4,088.81 |
| 4 | | गोवा | 3,146 | 3,146 | 3,145 | 3,145 | 74.76 | 75.04 |
| 5 | | गुजरात | 10,05,204 | 9,83,778 | 9,18,185 | 8,74,699 | 21,064.34 | 19,805.76 |
| 6 | | हरियाणा | 1,15,034 | 93,153 | 68,114 | 68,114 | 2,171.64 | 1,673.50 |
| 7 | | हिमाचल प्रदेश | 12,758 | 12,668 | 10,705 | 10,653 | 215.95 | 202.02 |
| 8 | | झारखंड | 2,29,156 | 2,13,534 | 1,42,810 | 1,39,893 | 3,603.31 | 2,987.87 |
| 9 | | कर्नाटक | 6,38,121 | 5,73,160 | 3,69,449 | 2,97,655 | 10,614.43 | 7,168.29 |
| 10 | | केरल | 1,67,322 | 1,47,721 | 1,23,453 | 1,23,352 | 2,781.18 | 2,293.45 |
| 11 | | मध्य प्रदेश | 9,61,147 | 9,49,265 | 8,01,068 | 7,89,875 | 15,930.45 | 15,284.69 |
| 12 | | महाराष्ट्र | 13,64,923 | 11,16,949 | 8,55,339 | 7,86,399 | 25,548.21 | 19,323.37 |
| 13 | | ओडिशा | 2,03,380 | 1,80,647 | 1,47,148 | 1,43,608 | 3,176.98 | 2,479.75 |
| 14 | | पंजाब | 1,32,235 | 1,16,264 | 83,894 | 83,842 | 2,342.54 | 1,825.79 |
| 15 | | राजस्थान | 3,19,863 | 2,64,357 | 1,91,971 | 1,84,966 | 5,891.46 | 4,693.97 |

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 16 | | तमिलनाडु | 6,80,347 | 6,63,430 | 5,70,294 | 5,16,225 | 11,185.30 | 10,135.67 |
| 17 | | तेलंगाना | 2,50,084 | 2,44,219 | 2,24,659 | 1,64,862 | 4,475.66 | 3,718.27 |
| 18 | | उत्तर प्रदेश | 17,76,823 | 17,33,051 | 15,47,101 | 15,18,668 | 27,962.68 | 26,065.17 |
| 19 | | उत्तराखंड | 64,391 | 60,160 | 34,504 | 33,560 | 1,176.51 | 940.86 |
| 20 | | पश्चिम बंगाल | 6,68,953 | 6,12,998 | 4,00,257 | 4,00,161 | 10,773.50 | 7,675.93 |
| **उप-योग (राज्य)** | | | **1,13,47,055** | **1,05,54,376** | **78,52,806** | **73,80,224** | **1,91,318.59** | **1,57,606.50** |
| 21 | उत्तर पूर्वी राज्य | अरुणाचल प्रदेश | 8,499 | 8,070 | 7,753 | 6,217 | 182.38 | 161.18 |
| 22 | | असम | 1,76,643 | 1,60,473 | 1,02,712 | 1,02,712 | 2,674.26 | 2,065.73 |
| 23 | | मणिपुर | 56,037 | 48,657 | 14,699 | 14,699 | 841.39 | 471.91 |
| 24 | | मेघालय | 4,758 | 3,793 | 1,632 | 1,632 | 72.35 | 43.31 |
| 25 | | मिजोरम | 39,605 | 39,215 | 11,069 | 11,069 | 607.8 | 447.22 |
| 26 | | नागालैंड | 31,860 | 31,841 | 22,850 | 22,818 | 503.91 | 393.41 |
| 27 | | सिक्किम | 316 | 316 | 202 | 202 | 6.13 | 7.09 |
| **28** | | त्रिपुरा | 92,854 | 84,751 | 74,049 | 74,049 | 1,494.35 | 1,273.47 |
| **उप-योग (उत्तर पूर्वी राज्य)** | | | **4,10,572** | **3,77,116** | **2,34,966** | **2,33,398** | **6,382.57** | **4,863.31** |
| 29 | संघ राज्य क्षेत्र | अंडमान और निकोबार द्वीप समूह | 376 | 376 | 47 | 47 | 5.84 | 2.93 |
| 30 | | चंडीगढ़ | 1,256 | 1,256 | 1,256 | 1,256 | 28.78 | 28.78 |
| 31 | | दादर और नगर हवेली तथा दमन और द्वीव | 9,947 | 9,947 | 9,230 | 7,992 | 214.4 | 200.27 |
| 32 | | दिल्ली | 29,976 | 29,976 | 29,976 | 29,976 | 692.53 | 692.53 |

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 33 | | जम्मू और कश्मीर | 47,040 | 42,894 | 24,244 | 24,244 | 724.94 | 483.48 |
| 34 | | लद्दाख | 1,307 | 1,014 | 843 | 843 | 30.22 | 24.05 |
| 35 | | लक्षद्वीप | - | - | - | - | - | - |
| 36 | | पुदुचेरी | 15,995 | 15,271 | 9,994 | 9,994 | 254.12 | 223.19 |
| **उप-योग (यू.टी.)** | | | **1,05,897** | **1,00,734** | **75,590** | **74,352** | **1,950.84** | **1,655.23** |
| **कुल योग** | | | **118.64 लाख** | **114.33 लाख*** | **85.04 लाख*** | **81.67 लाख*** | **2.00 लाख करोड़** | **1.64 लाख करोड़.** |

** इसमें मिशन अवधि के दौरान जेएनएनयूआरएम के निर्माणाधीन (4.01 लाख)/पूर्ण हो चुके (3.41 लाख)/लाभार्थियों को सौंपे जा चुके (4.80 लाख) आवास शामिल हैं।*

**दिनांक 01.08.2024 के लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 1657 के उत्तर मे उल्लिखित अनुलग्नक II**

**प्रारंभ से लेकर अब तक तमिलनाडु राज्य सहित पीएमएवाई-यू के आईएसएसआर घटक के अंतर्गत स्वीकृत, निर्माणाधीन, पूर्ण और लाभार्थियों को सौंपे जा चुके आवासों तथा स्वीकृत और जारी की गई केंद्रीय सहायता का राज्य-वार ब्यौरा ।**

| क्र.सं | | राज्य/संघ राज्य क्षेत्र का नाम | आवासों की वास्तविक प्रगति (संख्या) | | | | केंद्रीय सहायता के संबंध में वित्तीय प्रगति (करोड़ रुपए में) | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | स्वीकृत | निर्माणाधीन | पूर्ण | लाभार्थियों को सौंपे गए | स्वीकृत | जारी |
| 1 | राज्य | आंध्र प्रदेश | 1,617 | 1,617 | 212 | 82 | 41.26 | 32.87 |
| 2 | | बिहार | 6,502 | 6,502 | 5,465 | 5,465 | 179.43 | 161.70 |
| 3 | | छत्तीसगढ़ | 300 | 300 | 300 | 300 | 6.09 | 13.54 |
| 4 | | गोवा | - | - | - | - | - | - |
| 5 | | गुजरात | 61,794 | 54,194 | 34,965 | 30,701 | 725.80 | 373.05 |
| 6 | | हरियाणा | 2,452 | 2,085 | 1,802 | 1,802 | 153.26 | 119.28 |
| 7 | | हिमाचल प्रदेश | 64 | 64 | 64 | 12 | 5.89 | 9.21 |
| 8 | | झारखंड | 2,986 | 2,986 | 2,846 | 2,762 | 73.78 | 73.40 |
| 9 | | कर्नाटक | 22,203 | 22,203 | 20,980 | 19,443 | 611.04 | 540.35 |
| 10 | | केरल | 1,183 | 1,183 | 731 | 731 | 35.84 | 37.43 |
| 11 | | मध्य प्रदेश | 7,562 | 7,562 | 6,940 | 6,297 | 214.55 | 183.92 |
| 12 | | महाराष्ट्र | 1,44,820 | 85,660 | 52,538 | 11,225 | 1,448.20 | - |
| 13 | | ओडिशा | 8,897 | 8,497 | 5,976 | 3,810 | 183.88 | 170.88 |
| 14 | | पंजाब | 1,025 | - | - | - | 10.25 | 7.88 |
| 15 | | राजस्थान | 14,492 | 14,492 | 12,921 | 12,149 | 239.48 | 225.14 |
| 16 | | तमिलनाडु | 4,763 | 4,763 | 4,763 | 4,763 | 132.14 | 123.70 |
| 17 | | तेलंगाना | 256 | 256 | 256 | 256 | 4.75 | 62.38 |
| 18 | | उत्तर प्रदेश | 5,490 | 5,490 | 5,439 | 5,375 | 190.67 | 172.07 |
| 19 | | उत्तराखंड | 2,536 | 2,536 | 2,270 | 2,270 | 104.30 | 107.48 |
| 20 | | पश्चिम बंगाल | 442 | 442 | 192 | 192 | 14.08 | 11.58 |

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| **उप-योग (राज्य):-** | | | **2,89,384** | **2,20,832** | **1,58,660** | **1,07,635** | **4,374.69** | **2,425.86** |
| 21 | उत्तर पूर्वी राज्य | अरुणाचल प्रदेश | 1,536 | 1,536 | 1,536 | - | 77.39 | 77.39 |
| 22 | | असम | 108 | 64 | - | - | 1.08 | - |
| 23 | | मणिपुर | - | - | - | - | - | - |
| 24 | | मेघालय | - | - | - | - | - | - |
| 25 | | मिजोरम | 142 | 142 | 142 | 142 | 9.49 | 9.30 |
| 26 | | नागालैंड | 1,054 | 1,054 | 702 | 670 | 41.68 | 41.67 |
| 27 | | सिक्किम | - | - | - | - | - | - |
| 28 | | त्रिपुरा | 3,005 | 3,005 | 1,929 | 1,929 | 77.92 | 59.94 |
| **उप-योग (उत्तर पूर्वी राज्य ) :-** | | | **5,845** | **5,801** | **4,309** | **2,741** | **207.56** | **188.30** |
| 29 | संघ राज्य क्षेत्र | अंडमान और निकोबार द्वीप समूह | - | - | - | - | - | - |
| 30 | | चंडीगढ़ | - | - | - | - | - | - |
| 31 | | दादरा एवं नगर हवेली तथा दमन और दीव | - | - | - | - | - | - |
| 32 | | दिल्ली | - | - | - | - | - | - |
| 33 | | जम्मू और कश्मीर | - | - | - | - | - | - |
| 34 | | लद्दाख | 369 | 77 | 62 | 62 | 15.98 | 11.56 |
| 35 | | लक्षद्वीप | - | - | - | - | - | - |
| 36 | | पुदुचेरी | - | - | - | - | - | - |
| **उप-योग (संघ राज्य क्षेत्र):-** | | | **369** | **77** | **62** | **62** | **15.98** | **11.56** |
| **कुल योग:-** | | | **2,95,598** | **2,26,710** | **1,63,031** | **1,10,438** | **4,598.23** | **2,625.72** |